जाल | कोलकाता की महिला-युवती को बंधक बना जिस्मफरोशी के दलदल में धकेला

# होटलों में चल रहा था सेक्स रैकेट



**नवभारत, जबलपुर।** शहर की होटलों में सेक्स रैकेट चल रहा था। पुलिस ने छापा मारते हुए देह व्यापारी का भंडाफोड़ किया है। साथ ही मौके से पश्चिम बंगाल की एक महिला को सुरक्षित मुक्त कराया है, जिसे आरोपियों ने नौकरी और पैसों का झांसा देकर जबलपुर बुलाया था और फिर कमरे में बंधक बनाकर जबरन जिस्मफरोशी के दलदल में धकेल दिया। मामले में एक अरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

इस सेक्स रैकेट में पूरा गिरोह सक्रिय था जिनका नेटवर्क कई होटलों तक फैला हुआ था। जांच में यह बात भी सामने आई कि कलकत्ता समेत अन्य शहरों की युवतियों को भी बंधक बनाकर देह व्यापार करवाया जा रहा था। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार 39 वर्ष पीड़िता निवासी पंचपोला खरूआ राजापुर साउथ 24 परगामा थाना गाईघाट पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। कुछ दिन पहले वे जबलपुर निवासी दीपक के संपर्क में आई जिसने उसे जबलपुर बुलाया और अच्छा काम और पैसा दिलाने का झांसा दिया वह दिल्ली से निजामुद्दीन एक्सप्रेस के जरिए जबलपुर आई थी। यहां दीपक ने उसे गोरखपुर के स्टाईलो होटल की पहली मंजिल पर ठहराया। इसके बाद उसे ग्राहकों के पास जाने का दबाव बनाया।

जब पीड़िता ने इस अवैध काम के लिए साफ मना कर दिया, तो कमरे का दरवाजा बंद कर उसके साथ मारपीट की गई एवं डराया, धमकाया गया। महिला को डराते हुए कहा, तुम्हें यही काम करना पड़ेगा।

अगर बात नहीं मानी तो तुझे यहीं जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद तीन ग्राहक उसके पास भेजे गए थे जिसमें एवज में उसे 500-500 रूपए दिए गए थे। जब उसने ग्राहकों से पूछा तो ग्राहकों ने बताया कि इसके अतिरिक्त पैसे उन्होंने दीपक को दिए है।

### हड़पे पैसे, होटल में अन्य लड़कियां भी थीं मौजूद

पीड़िता ने बताया कि डर के साए में उससे जबरन देह व्यापार कराया गया। ग्राहकों से जो भी पैसे मिलते, उसे आरोपी खुद रख लेते थे। इसके अलावा होटल के कमरे में कुछ अन्य लड़कियों को भी इसी तरह बंधक बनाकर रखने की बात सामने आई है, जिन्हें ग्राहकों के पास भेजा जाता था।

### स्टाईलो, ढींगरा, हिल्टन, अतिथि होटलों तक फैला नेटवर्क

पीड़िता ने बताया कि दीपक दूसरे दिन कहीं चला गया था इसके बाद उसके पास अरविंद नाम से फोन आया। जिसने उसे काम दिलाने का झांसा दिया। ढींगरा होटल बुलाया और कहा कि वहां रोशनी पटेल मिलेगी। वे 14 जुलाई को ढींगरा होटल पहुंची जहां रोशनी पटेल मिली। कमरा नंबर 107 में उसे रूकवाया जहां पहले से दो अन्य लड़कियां रूकी थी। एक दिन बाद एक तो दो दिन बाद दूसरी लडकी भी चली गई थी। इसके बाद अरविंद ने एक ग्राहक भेजा जो उसे ढींगरा होटल से लेकर दूसरी होटल लेकर चला गया था जिसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। एक बाद उसे एक अन्य ग्राहक उसे एयरपोर्ट के पास हिल्टन होटल ले गया था। इसके बाद शिव चौधरी उर्फ आकाश ने उसे गढ़ा स्थित अतिथि होटल में रूवकाया था। जहां चार से पांच ग्राहकों ने उसके साथ जबरदस्ती देह व्यापार करवाया था। यहां पश्चिम बंगाल की महिला को कलकतता निवासी एक युवती मिली जिसने आपबीती सुनाई उसने कहा कि उसे काम का लालच देकर बुलाया गया था। दीपक, अरविंद, रोशनी, शिव चौधरी ने जबरदस्ती उससे देह व्यापार करवाया है। पैसे न होने पर वे परेशान है और वापिस कलकत्ता नहीं जा पा रही है। अतिथि होटल में ही गढ़ा सीएसपी आशीष जैन के नेतृत्व मे महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा ने अपनी टीम के साथ छापेमारी करते हुए पीड़िता को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया। जिसके बाद सदर निवासी दीपक को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों के मोबाइल नंबर और उनके ठिकानों को ट्रेस कर रही है। इसके साथ ही होटल मालिक और स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है कि वे इस पूरे रैकेट में किस हद तक शामिल थे।

# दो डॉक्टरों समेत नर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भ्रूण-गर्भपात परीक्षण




**नवभारत, जबलपुर।** भ्रूण परीक्षण, गर्भपात कराने के मामले में ओमती पुलिस ने सफेदपोश डॉक्टरों समेत नर्स के खिलाफ मंगलवार देर रात्रि एफआईआर दर्ज कर ली है।

दरअसल मालवीय चौक स्थित डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी और अधारताल स्थित सरल डायग्नोस्टिक सेंटर में अवैध तरीके से भ्रूण परीक्षण कराने के बाद गर्भपात कराये जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके बाद एएसपी अनु बेनीवाल के नेतृत्व में ऑपरेशन गरिमा के तहत एक महिला आरक्षक को दोनों सेंटरों में जाल बिछाते हुए भेजा गया था जहां भ्रूण परीक्षण के लिए 15000 रूपए में सौदेबाजी हुई बल्कि बालिका होने पर गर्भपात कराने की डील तय हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दी थी। दोनां सेंटरों को सील किया गया था। मंगलवार को पुलिस ने मामले में मालवीय चौक स्थित आर.के. डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी कलर डॉप्लर सेंटर संचालित करने वाले डॉक्टर राजेन्द्र अग्रवाल और उसके संरक्षण में अधारताल स्थित सरल डायग्नोस्टिक सेंटर को ऑपरेट करने वाले उनके जूनियर डॉक्टर सतीश अग्रवाल समेत यहां तैनात नर्स डोली उर्फ खुशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### 15 हजार में जांच, गर्भपात करने लाखों ऐंठे

जांच में यह बात सामने आई कि गिरोह पेट में पल रहे बच्चे का लिंग बताने के लिए प्रति ग्राहक से 15 हजार रूपए लेते थे। इसके बाद गर्भपात कराने के लिए लाखों रूपए की मोटी रकम ऐंठ लेते थे। भ्रूण परीक्षण के बाद सरल पैथॉलॉजी अधारताल में गर्भपात कराया जाता था। अधिकतर गर्भपात टेस्ट में लड़की होने पर किए गए है। इस मामले की विस्तृत जांच पड़ताल जारी है जिसमें कई और बड़े चेहरों के बेनकाब होने की उम्मीद है। अब तक कितने भ्रूण परीक्षण और गर्भपात हुए है और इस खेल में कौन-कौन शामिल है इसका पता लगाया जा रहा है।

### दस्तावेज और जांच मशीन हुई जब्त

मालवीय चौक स्थित डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी और अधारताल स्थित सरल डायग्नोस्टिक सेंटर से पुलिस ने अहम दस्तावेज जब्त किए। इसके अलावा सरल डायग्नोस्टिक से भ्रूण लिंग परीक्षण करने वाली मशीन को जब्त कर लिया है।

### इनका कहना है



मालवीय चौक स्थित डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी और अधारताल स्थित सरल डायग्नोस्टिक सेंटर में भ्रूण परीक्षण और गर्भपात कराने के मामले में डॉ. राजेश अग्रवाल, सतीष अग्रवाल, नर्स के खिलाफ ओमती थाने में विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है साथ ही दोनों सेंटर से अहम दस्तावेज और जांच मशीन को भी जब्त किया गया।

**अनु बेनीवाल, एएसपी**

# राहत की फुहार, लेकिन उमस बरकरार

**नवभारत, जबलपुर।** सुबह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी झेल रहे शहरवासियों को मंगलवार शाम हुई झमाझम बारिश ने कुछ देर के लिए सावन की फुहारों का एहसास तो कराया, लेकिन राहत ज्यादा देर टिक नहीं सकी। बारिश थमते ही बादलों ने रुख बदल लिया और बढ़ी हुई नमी ने मौसम को फिर से भारी और चिपचिपा बना दिया। मौसम विज्ञान कार्यालय जबलपुर के अनुसार मंगलवार सुबह 8:30 बजे तक जिले में 16.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके साथ ही इस मानसून सीजन में जिले की कुल वर्षा 285.8 मिमी पहुंच गई है।मौसम कार्यालय के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के बाद हवा में नमी तेजी से बढ़ने के कारण उमस और अधिक महसूस हो रही है।

### गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जबलपुर जिले के कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है की कहीं-कहीं वज्रपात और झंझावात की स्थिति बन सकती है। साथ ही 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना भी व्यक्त की गई है।

### पिछले साल से अब भी काफी पीछे मानसून

हालिया बारिश से आंकड़ों में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन मानसून की रफ्तार अब भी पिछले वर्ष की तुलना में काफी धीमी बनी हुई है। गत वर्ष 28 जुलाई तक 673.4 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा केवल 285.8 मिमी है। यानी जबलपुर में अब भी करीब 388 मिमी कम बारिश हुई है।

# हाईकोर्ट ने लीगल सर्विसेज कमेटी सचिव से दो दिन में हलफनामें में मांगा जवाब

लीगल एड से नियुक्ति पर किया सवाल, वकालतनामा पहले से था, फिर दूसरा कैसे जारी हुआ



**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने निशुल्क विधिक सहायता के तहत अधिवक्ता नियुक्त करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूछा है कि जब किसी अपीलकर्ता की ओर से निजी अधिवक्ता का वकालतनामा पहले से रिकार्ड पर था और वह नियमित रूप से पैरवी भी कर रहा था, तब लीगल एड के माध्यम से दूसरा वकालतनामा कैसे जारी कर दिया गया। मामले को जांच योग्य मानते हुए हाईकोर्ट ने उच्च न्यायालय लीगल सर्विसेज कमेटी जबलपुर की सचिव से दो दिन के भीतर व्यक्तिगत हलफनामे के साथ जवाब मांगा है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की युगलपीठ के समक्ष रायसेन निवासी सुजीत धाकड़ की आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया। रिकार्ड के अनुसार अधिवक्ता विजय कुमार पांडे ने वर्ष 2023 में वकालतनामा दाखिल किया था और वे लगातार मामले की पैरवी कर रहे थे। इसके बावजूद वर्ष 2025 में हाईकोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी ने अधिवक्ता विवेक गौतम के पक्ष में लीगल एड के तहत नया वकालतनामा जारी कर दिया। कोर्ट ने इसे गंभीर विषय बताते हुए पूरी प्रक्रिया का स्पष्टीकरण तलब कर लिया। कोर्ट ने सचिव से यह भी पूछा है कि संबंधित अपीलकर्ता निश्शुल्क विधिक सहायता पाने का पात्र था या नहीं तथा क्या उसने लीगल एड के लिए कोई आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

### कॉलेज के संविदा कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग में भेजने पर हाईकोर्ट की रोक

हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने शासकीय कालेज के संविदा कर्मचारियों को आउट सोर्सिंग व्यवस्था में भेजे जाने की कार्रवाई पर अंतरिम राहत प्रदान की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रवीण वर्मा व डॉ. ज्योति वर्मा ने पक्ष रखा। कर्मचारियों का आरोप है कि उनकी नियुक्ति वर्ष 2024 में संविदा आधार पर हुई थी, लेकिन कालेज प्रबंधन उन पर यह लिखित सहमति देने का दबाव बना रहा था कि वे अपनी इच्छा से आउट सोर्सिंग व्यवस्था में जाना चाहते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि ऐसा नहीं करने पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी जा रही थी। याचिका में कहा गया कि नियुक्ति की मूल सेवा शर्तों में एकतरफा बदलाव नहीं किया जा सकता। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। साथ ही अंतरिम आदेश में याचिकाकर्ताओं को शासकीय बापू कालेज नौगांव में यथावत कार्य जारी रखने की अनुमति दी है।

### एक नजर में

### सिद्ध गणेश मंदिर ग्वारीघाट में आज होगा पादुका पूजन

**नवभारत, जबलपुर।** सर्व मनोकामना पूर्ति स्थल सिद्ध गणेश मंदिर ग्वारीघाट में आज 29 जुलाई को सिद्ध गणेश भगवान का पूजन अभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही अपने गुरुदेव सिद्ध गणेश मंदिर के संस्थापक ब्रह्मर्षि स्वामी रामबहादुर महाराज का पादुका पूजन सुबह 8 बजे से होगा। इस दौरान पूजन, गुरुदीक्षा, आशीर्वचन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।


### बदमाश गिरफ्तार, पिस्टल सहित चार कारतूस जब्त

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से एक पिस्टल, चार कारतूस जब्त किए गए है। थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि उर्दूआखुर्द में घेराबंदी कर रमन पटेल 35 वर्ष निवासी उर्दुआ खुर्द थाना पनागर को पकड़ा गया जो तलाशी लेने पर लोवर के बाये जेब में 1 पिस्टल एवं बाये जेब में 4 कारतूस रखे मिला, पिस्टल के सम्बंध मे पूछताछ करने पर ग्राम बरबटी, वर्तमान पता नीमखेडा बरेला निवासी जित्तू महोबिया से नीमखेडा में पिस्टल व 4 कारतूस 35 हजार मे खरीदना बताया।

### तेज रफ्तार कार ने गाय को रौंदा, मौके पर मौत

**नवभारत, जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत पाटन रोड पर ग्राम सूखा हनुमान मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए गाय को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 11 बजे ग्राम सूखा में हनुमान मंदिर और स्कूल के सामने सड़क पार कर रही काले रंग की गाय को कार क्रमांक एमपी 09 जेड एफ 5456 के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार बहुत तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

# नगर निगम की नई सफाई निविदा में 35 कंपनियां हुईं शामिल




**नवभारत, जबलपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लागू की जा रही नई व्यवस्था की निविदा प्रक्रिया में देशभर के 35 प्रतिष्ठित निविदाकारों ने भाग लिया है। इस निविदा में मुख्य रूप से मां नर्मदा सफाई सहकारी कामगार एंड लेवर कांट्रेक्ट कोआपरेटिव सोसायटी, अधार सिक्योरिटी साल्यूशन, ओमकारा सिक्योरिटी, अल्ट्रा क्लीन एंड केयर सर्विसेस, आर. प्रियांशी कंस्ट्रक्शन एंड फेसेलिटि, अली टूर एंड ट्रेवल्स, आर.के. एंड कम्पनी मेन पावर, मां नर्मदा सांई सेवा समिति, महाराष्ट्र विकास ग्रुप कम्पनी और डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेस जैसी दिग्गज कंपनियों ने हिस्सा लिया है। इस पूरी प्रक्रिया को पूर्णत: निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धात्मक और पारदर्शी बनाए रखने के लिए नगर निगम ने शासकीय नियमों एवं ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के उच्चतम मानकों का पालन किया है। इतनी बड़ी संख्या में कंपनियों की सहभागिता से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है, जिससे नगर निगम को न्यूनतम दरों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होने की संभावना है।

### जबलपुर को स्वच्छता में शीर्ष पर लाना प्राथमिकता

इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि जबलपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में देश के शीर्ष शहरों में शुमार करना हमारी प्राथमिकता है। 35 निविदाकारों की इतनी बड़ी सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि नगर निगम की पारदर्शी कार्यप्रणाली पर बाहरी एजेंसियों का पूरा भरोसा है। इस नई निविदा के तहत शहर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, मुख्य मार्गों की यांत्रिक सफाई, नाले-नालियों की समयबद्ध सफाई और कचरे का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों का नियमानुसार सूक्ष्म परीक्षण कर शीघ्र ही योग्य एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।



# जनसुनवाई में सामने आई 97 शिकायतें




**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनसुनवाई में आज नागरिकों से कुल 97 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 39 दोबारा आए आवेदन भी शामिल थे।

जनसुनवाई में आए आवेदनों में शासकीय भूमि में अतिक्रमणए कब्जा, आदेश के बावजूद मकान खाली नहीं करने, नामांतरण, मृत्यु सहायता राशि, खसरे से नाम विलोपित करने, जानलेवा हमला, पीएम आवास में फर्जी पंचनामा देने, दुकान आवंटन, मुआवजा राशि नहीं मिलने, पेंशन अनुग्रह सहायता राशि, संबल योजना में सहायता राशि, कच्ची नाली निर्माण कराने, गलत ऑपरेशन होने, घर पर चोरी हो जाने, सीमांकन संपत्ति को चिन्हित नहीं करने से संबंधित रहे। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर नीता राठौरए रविशंकर राय, शैलेंद्र सिंह तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद



**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने लोधी मोहल्ला में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस को देखकर मुख्य आरोपी मोनू सबलोक अपने साथी के साथ अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल के मुताबिक रामपुर चौकी अंतर्गत पुलिस को से सूचना मिली थी कि मोनू सबलोक अपने साथी के साथ गोरखपुर बाजार के लोधी मोहल्ला में अवैध शराब बेचने के लिए जमा किए हुए है।

पुलिस टीम ने जैसे ही दबिश दी, आरोपी अपने बैग और थैले छोड़कर मौके से भाग निकले। पुलिस ने जब मौके पर छोड़े गए सामान की जांच की, तो उसमें से कुल 71 बोतलें और 24 पाव शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब जब्त कर ली है। फरार आरोपी मोनू सबलोक और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### कॉलेज का पुराना दोस्त बताकर लगाई चपत

**नवभारत,जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत मिलौनीगंज निवासी पीड़ित को एक जालसाज ने एक्सीडेंट का नाटक रचकर उसके कॉलेज के दिनों का पुराना दोस्त बताकर जाल में फंसाया और 45,000 का चूना लगा दिया। जानकारी के अनुसार मिलौनीगंज निवासी ब्रजेश सोनकर के पास मोबाइल एक फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को ब्रजेश के सतना कॉलेज का पुराना दोस्त दीपक बताया। बातों ही बातों में उसने झांसा दिया कि उसके एक अन्य दोस्त नाईम खान का भयानक एक्सीडेंट हो गया है और वह अस्पताल में है। शातिर ठग ने पहले ब्रजेश के मोबाइल पर 15,000 क्रेडिट होने का एक फर्जी टेक्स्ट मैसेज भेजा, जिससे ब्रजेश को लगा कि पैसे दीपक ने ही भेजे हैं। इसके बाद इमोशनल ड्रामा करके आरोपी ने नाईम खान के नंबर पर पैसे भेजने के लिए कहा। दोस्त की मदद के नाम पर ब्रजेश ने पांच बार में कुल 45,000 ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजने के बाद जब ब्रजेश को शक हुआ, तो बैंक खाते से बैलेंस चेक किया। खाता खंगालने पर पता चला कि पैसे आने के बजाय उनके खुद के खाते से 45,000 कट चुके थे।

गंदगी | 4 दिनों से नहीं आया कचरा संग्रहण वाहन, सड़ांध मार रहा कचरा बना मुसीबत

# चिकनी कुआं गढ़ा स्थित दुबे कॉलोनी का हाल बेहाल





**नवभारत,जबलपुर।** दुर्गंध मारता हुआ कचरा, सांस लेना मुश्किल, मवेशी कचरे का सेवन करते हुए और दूसरी तरफ कचरा कलेक्शन कर्मियों की मनमानी.... ये नजारा रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत चिकनी कुआं गढ़ा स्थित दुबे कॉलोनी का है जहां बीते 4 दिनों से कचरा वाहन न आने से लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे का ढेर अब दुर्गंध इस कदर मार रहा है जिसका कोई हिसाब नहीं है। आलम ये है कि इस कचरे के ढेर के पास से कोई गुजरना पसंद नहीं कर रहा है। स्थानीयजनों ने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार से मांग की है कि कचरा कलेक्शन वाहन को उनके इलाके में जल्द से जल्द भेजा जाए और कचरे को हटाया जाए।

स्थानीय समाजसेवी गजेन्द्र दुबे, धर्म राज उपाध्याय, अजय अहिरवार, सत्यम गोस्वामी, सतेंद्र चौरसिया ने नवभारत को बताया कि वार्ड सुपरवाइजर से कई बार कचरा उठाने के लिए कहा गया लेकिन उसके बावजूद उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। वर्तमान हालातों की बात करें तो स्थानीय लोग अपने -अपने घरों का निकलने वाला कचरा घर के बाहर खाली पड़े भूखंडों पर और सड़क किनारे फेंक रहे हैं जो कि अभी बड़ी मात्रा में इकट्ठा हो गया है और अब खुद लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है।

# एसएंडटी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में बड़ा सुधार

फायर अलार्म सिस्टम से बढ़ेगी रेल संरक्षा




**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के सिग्नल एवं दूरसंचार (एस एंड टी) विभाग ने रेल सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंडल के सागर, सलैया, सुमरेरी, असलाना एवं बीना मालखेड़ी जंक्शन स्टेशनों पर स्थापित गैर-आरडीएसओ अनुमोदित फायर अलार्म प्रणालियों को हटाकर उनकी जगह आधुनिक एवं अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) से अनुमोदित फायर अलार्म सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इस बदलाव से संवेदनशील एस एंड टी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ होगी।

रेलवे बोर्ड एवं आरडीएसओ के निर्धारित मानकों के अनुरूप इन स्टेशनों पर अत्याधुनिक एस्पिरेशन टाइप फायर अलार्म प्रणाली भी लगाई गई है। यह तकनीक धुएं के अत्यंत सूक्ष्म कणों की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने में सक्षम है, जिससे संभावित आग की घटना का समय रहते पता लगाकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी। इससे दुर्घटनाओं की आशंका को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी।

### विकसित होगी रेल व्यवस्था

रेल प्रशासन के अनुसार इस तकनीकी उन्नयन से सिग्नल एवं दूरसंचार उपकरणों की सुरक्षा बढ़ेगी, जिससे रेल परिचालन की विश्वसनीयता और संरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। यह पहल भारतीय रेल की सुरक्षित, आधुनिक और तकनीक आधारित रेल व्यवस्था विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।